# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-23.06.2024**

**विषय:- आत्महत्या से सम्बन्धित मामले में वांछित अभियुक्त सुनील राजभर थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-0180/2024 धारा 306 भा0द0वि0 थाना सारनाथ से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सुनील राजभर पुत्र स्व0 हीरालाल राजभर निवासी सा. 21/36 रूप्पनपुर पंचकोशी थाना सारनाथ वाराणसी को आज दिनांक-23.06.2024 को समय करीब 05.25 बजे आशापुर फ्लाईओवर थाना सारनाथ से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 03.05.2024 को आवेदिका निशा पाण्डेय पत्नी स्व0 राम हुलास पाण्डेय निवासी किराये का मकान अकथा थाना सारनाथ वाराणसी द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि मेरी पुत्री शिवानी पाण्डेय 28-अप्रैल 2024 को शाम को बाहर से घर आई फिर घर मे कुछ देर बाद उलटी होने लगी जिसको मैं अपने लडके गुड्डू पाण्डेय के साथ पं0 दीनदयाल हॉस्पिटल ले गई जहाँ से डॉक्टर द्वारा कबीरचौरा हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। मैं अपनी पुत्री को कबीर चौरा हॉस्पिटल में भर्ती कराई जहां पर उसकी रात लगभग 11.30 बजे मृत्यु हो गई, मेरी पुत्री शिवानी का लगभग 2 वर्षो से मनोज नाम के लडके से प्रेम-प्रसंग था, मुझे शक है कि मेरी पुत्री शिवानी पाण्डेय ने मनोज, श्रुति व शिवानी का एक और दोस्त सुनील राजभर के कारण सुसाइड किया है। दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना सारनाथ में मु0अ0सं0 180/2024 धारा 306 भा.द.वि. पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री दुर्गेश सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

सुनील राजभर पुत्र स्व0 हीरालाल राजभर निवासी सा. 21/36 रूप्पनपुर पंचकोशी थाना सारनाथ वाराणसी उम्र करीब 27 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

आशापुर फ्लाईओवर थाना सारनाथ से दिनांक-23.06.2024 को समय करीब 05.25 बजे।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. उ0नि0 दुर्गेश सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 प्रशि0 देवेन्द्र सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 देवेन्द्र प्रताप सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**